FIRST TERMINAL EVALUATION-2015
HINDI

SET -A

HN 9101

STD : IX

Score : 40

Time : 1.30 Hrs.

सामान्य निर्देश :- * निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

* 15 मिनट कूल ओफ टाइम दिया जाएगा । यह प्रश्न-पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी के लिए है

* 8 से 10 तक और 16 से 18 तक के प्रश्नों में विकल्प हैं ।

तालिका की पूर्ति करके लिखें । (3)

1.

पाठ	प्रोक्ति	रचयिता
पाँव तले दबी गर्दन	उपन्यास अंश	....
....	कविता	निलय उपाध्याय
मेमना	....	लोकबाबू

कोष्ठक से घटना चुनकर सही क्रम से लिखें । (2)

2. * ....।

* जनता को अपनी यात्रा बहुत दिनों तक याद रहती है।

* .... ।

* लोग चुप थे और जरूरी होने पर फुसफुसा लेते थे ।

(लडकों ने अपनी उपस्थिति से पूरे डिब्बे में आतंक -सा मचा रखा था ।

डिब्बे में बहुत भीड थी ।)

3.निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं में से होरीराम की विशेषताएँ चुनकर लिखें । (2)

* खुशामद करनेवाला ।
* जमींदार पर विद्रोह प्रकट करनेवाला ।
* ठेठ और भारतीय किसानों की प्रतिनिधि ।

सूचना :- कोष्ठक से उचित उत्तर चुनकर लिखें ।

4." आप उतर जाइए, खिडकी में से हम इसे दे देंगे ।"-यह किसने कहा ? (1)

(किसान ने, मोटे लडके ने , यात्री की पत्नी ने)

5.' घुडकियाँ खाना '-का अर्थ क्या है ? (1)

(क्रोध आना , घमंड भरी डाँट सुनना , स्तुति करना)

6." किसान किसकी जगह सैकिल निकालता है " ? (1)

(नाव , बैल , खेत)

7.कौन-सा डिब्बा गंदा और बदबूदार था ? (1)

(प्रथम श्रेणी का , द्विदीय श्रेणी का , आरक्षित)

सूचना:-8 से 10 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । (2X2=4)

8.होरीराम की मेहनत का फायदा किसको मिलता है ? क्यों ?

9.अफसरों को रेलगाडी में कौन-कौन सी सुविधाएँ मिलती हैं ?

10.' खेती नहीं करने से चलता है अब ,खेती करनेवालों का काम ' ।-इससे आपने क्या समझा ?

सूचना :-संशोधन करके खंड का पुनर्लेखन करें । (2)

11.इतनी भीड भरा गाडी में बैठने का जगह का तो सवाल नहीं था ,लेकिन साती के लिए ली टिकट भी अब बेकार जा रहा था ।

सूचना :- निम्नलिखित शब्दों के साथ उचित उपसर्ग जोडकर विपरीतार्थ शब्द बनाएँ ।

12.आरक्षित , सुना , फिक्र , शांत । (2)

सूचना :-कवितांश पढकर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

मैं ने हँसना सीखा है
मैं नहीं जानती रोना ,
बरसा करता पल-पल पर,
मेरे जीवन में सोना ।
मैं अब तक समझ न पाई
कैसी होती है पीडा ?

(श्रीमति.सुभद्राकुमारी चौहान)

(पल= निमिष , पीडा = वेदना)

13.कवयित्री के जीवन में क्या बरसा करता है ? (1)

(हँसी ,पीडा ,सोना , रोना)

14.कविता के लिए उचित शीर्षक लिखें । (1)

15.कविता का आशय लिखें । (3)

सूचना:-16 से 18 तक के प्रश्नों से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए । (2X4=8)

16.होरी राम और धनिया आपको कैसे लगे ? उनकी चरित्रगत विशेषताओं पर लेख लिखिए ।

17.होरी कंधे पर लाठी रखकर घर से निकला, तो धनिया द्वार पर खडी उसे देर तक देखती रही ।.........उस समय के धनिया के विचार डायरी के रूप में लिखें ।

18.किसान अपने मंझला भाई के पास अच्छे बीज की तलाश में गया । उनके बीच का वार्तालाप संकेतों की सहायता से कल्पना करके लिखें ।

संकेत:- * अच्छे बीज की तलाश में आया ।
*मेमनों के लिए दूध की समस्या आयी ।
*एक मेमना उठाकर पालने-पोसने केलिए दिया ।

सूचना:- खंड पढकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

क्रोध मनुष्य का पूरा शत्रू है । उसके कारण मनुष्य का जीवन दुखमय हो जाता है । जिसने क्रोध को जीत लिया ,उसकेलिए कठिन से कठिन काम करना सरल बन जाता है । क्रोध को बिलकुल छोड देना भी अच्छा नहीं । किसी को बुरा काम करते देख उसे पहले मीठे शब्दों से उपदेश देना चाहिए । यदि ऐसे उपदेशों से वह उस काम को नहीं छोडे तो उस पर क्रोध करना उचित है ।

19.मनुष्य का पूरा शत्रू कौन है ? (1)

20.' बुरा काम' में ' बुरा ' शब्द है-(संज्ञा , क्रिया , विशेषण) (1)

21.' उसके ' में प्रयुक्त सर्वनाम कौन-सा है ? (वे ,यह ,वह) (1)

22.क्रोध को बिलकुल छोड देना भी अच्छा नहीं । क्यों ? (2)

सूचना:-पोस्टर तैयार करें । (3)

23.लडाई हमेशा विनाशकारी है । उससे मानव समाज की हानी होती है ।

यह संदेश देते हुए एक पोस्टर तैयार करें ।